# आलकी ना पालकी जय बोलो महाकाल की | By Gourav Panda |

हो मेरी दो पहिया की गाडी है
और घर में चार सवारी है
कैसे उज्जैन को आऊं मालिक
राम समस्या भारी है
इसने दी चाबी कार की
दुनिया के लम्बरदार की
आलकी ना पालकी
जय बोलो महाकाल की
अपना कुछ न बिगाड़े काल
अपना रखवाला महाकाल
अब तो खूब मचाओ बवाल
अपना रखवाला महाकाल

छोड़े सब काम झमेले
बन गए महाकाल के चेले
ज़िन्दगी अब मस्त मलंग है
फिरते रहते अलबेले
ओ हमरी चल गई दूकान बाबा तेरे नाम से
हो गई दुनिया में पहचान बाबा तेरे नाम से
तेरे नाम से ओ बाबा तेरे नाम से
तेरे नाम से ओ बाबा तेरे नाम से
ओ मेरा चलने लगा काम बाबा तेरे नाम से
बन गई इज़्ज़त और मकान बाबा तेरे नाम से
ओ भूतों के सरदार की गौरव के लम्बरदार की
आलकी ना पालकी
जय बोलो महाकाल की
अरे काल की विकराल की
जय बोलो महाकाल की

महाकल हो तुम राजाधिराज
गुरु आप हो हम हैं चेले
उज्जैन विराजे ठाठ से खुद
हमें दे गए जटा झमेले
ओ जटा जूट सरदार की
नैना धक् धक् काल की
आलकी ना पालकी
जय बोलो महाकाल की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95-2/